सत्र : 2024-25

# मॉडल टेस्ट पेपर

## कक्षा: बारहवीं, विषय : हिंदी

## (विलक्षण प्रतिभा वाले विद्यार्थियों के लिए) DA

### भाग-क

**प्रश्न-1 (I) निम्नलिखित बहुवैकल्पिक प्रश्नों में सही उत्तर छाँटकर लिखिए : 8×2 =16**

**(i)** सूरदास के 'विनय के पद' के आधार पर श्रीकृष्ण की कृपा से कौन सिर पर छत्र धारण करके चलता है?

(क) बहरा व्यक्ति (ख) यशोदा
(ग) रंक व्यक्ति (घ) गूंगा व्यक्ति

**(ii)** 'दो लड़के' कविता में दो लड़के हैं:

(क) साफ-सुथरे (ख) मिट्टी के मटमैले और फुर्तीले
(ग) सुस्त (घ) अमीर

**(iii)** सच्चे वीर पुरुष का स्वभाव कैसा होता है? 'सच्ची वीरता' निबन्ध के आधार पर बतायें :

(क) धीर (ख) परिश्रमी (ग) गम्भीर (घ) धीर, गम्भीर और आज़ाद

**(iv)** 'मधुआ' कहानी में शराबी के मन में लड़के के प्रति हमदर्दी कैसे जागी?

(क) अनाथ के कारण (ख) गरीबी के कारण
(ग) नौकर होने के कारण (घ) मधुआ को रोता हुआ सुनकर

**(v)** 'रीढ़ की हड्डी एकांकी' में उमा किसका प्रतिनिधित्व करती है?

(क) रूढ़िवादी नारी (ख) फैशनप्रिय विचारों का
(ग) पढ़ी-लिखी स्वाभिमानिनी युवती का (घ) परंपरावादी विचारों का

**(vi)** 'देशभक्ति' का सही समास विग्रह कौन सा है?

(क) देश में भक्ति (ख) देश की भक्ति
(ग) देश के लिए भक्ति (घ) देश पर भक्ति

**(vii)** 'यथाकाल' का सही विग्रह कौन सा है?

(क) काल में (ख) काल के अनुसार
(ग) काल-काल (घ) काल के लिए

**(viii)** 'हिंद की चादर' किसे कहा जाता है?

(क) गुरु गोबिंद सिंह (ख) गुरु हरिराय जी
(ग) गुरु हरिगोबिंद सिंह (घ) गुरु तेगबहादुर

**(II) निम्नलिखित 'क' और 'ख' का सही मिलान कीजिए :** 5×2 = 10

| 'क' | 'ख' |
|---|---|
| (i) 'समय नहीं मिला' निबंध के लेखक | (i) दीनानाथ |
| (ii) 'ठेस' कहानी में सच्चा कलाकार कौन है? | (ii) श्री मन्नारायण |
| (iii) 'वापसी' एकांकी में रायसाहब का भाई | (iii) सिरचन |
| (iv) रीतिसिद्ध कवि | (iv) स्वामी दयानंद सरस्वती |
| (v) 'आर्य समाज' के संस्थापक | (v) बिहारी |

**(III) निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :** 5×2=10

(i) गुरु गोबिंद सिंह जी की 'अकाल उस्तुति' में ईश्वर पर जत्र, मंत्र और ..........................का कोई असर नहीं होता।

(ii) 'रीढ की हड्डी' एकांकी की प्रमुख पात्र .......................................... है।

(iii) .......................................छंद के प्रत्येक चरण में 31 वर्ण होते हैं।

(iv) जहाँ एक वस्तु की तुलना किसी दूसरी प्रसिद्ध वस्तु के साथ की जाए, वहाँ .......................... अलंकार होता है।

(v) भारत चीन युद्ध .................................... में हुआ।

**(IV) निम्नलिखित में सही कथन पर सही (√) और गलत कथन पर गलत (×) का निशान लगाएं :** 6×2=12

(i) ' देशभक्ति ' का समास विग्रह होगा – देश में भक्ति ( )

(ii) Misuse का हिंदी में पर्याय 'सदुपयोग ' होता है। ( )

(iii) Part time का हिंदी में पर्याय 'पूर्णकालिक ' होता है। ( )

(iv) Journalist का हिंदी में पर्याय ' पत्रकार ' होता है। ( )

(v) रीतिकाल में नीतिपरक काव्य लिखने वाले कवि का नाम वृन्द है। ( )

(vi) राम बारहवीं कक्षा में <u>पढ़ता है</u>। वाक्य में रेखांकित पद 'पढ़ता है ' का पद परिचय इस प्रकार है – पढ़ता है– सकर्मक क्रिया, पुल्लिंग, एकवचन, वर्तमान काल, निश्चयार्थ, कर्तृवाच्य ( )

## भाग–ख

**प्रश्न-2 (i) निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दें -** 3

(क) पाठ्य पुस्तक के आधार पर मीराबाई की भक्ति भावना एवं विरह का चित्रण करें।

(ख) 'सुख–दुःख' कविता से हमें क्या शिक्षा मिलती है?

**(ii) निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दें -** 3

(क) जलियांवाला बाग में गोलियों की बौछार से बचने के लिए लोगों ने क्या किया? 'अगर ये बोल पाते : जलियांवाला बाग' निबंध के आधार पर लिखें।

(ख) 'जफ़रनामा' के विषय में आप क्या जानते हैं? 'गुरु गोबिंद सिंह' निबंध के आधार पर लिखें।

(iii) निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दें - 3

(क) 'मधुआ' कहानी में लेखक ने एक बालक द्वारा शराबी के हृदय परिवर्तन का सुंदर चित्रांकन किया है।स्पष्ट करें।

(ख) 'रीढ़ की हड्डी' किसका प्रतीक है? अपने शब्दों में वर्णन करें।

(iv)निम्नलिखित में से किसी एक पंजाबी गद्यांश का हिन्दी में अनुवाद करें- 3

ਪੰਜਾਬ ਵਿੱਚ ਗੁਰੂ ਨਾਨਕ ਬਾਣੀ ਦੇ ਤਿੰਨ ਉੱਚੇ ਆਦਰਸ਼, ਨਾਮ ਜਪੋ, ਕਿਰਤ ਕਰੋ, ਅਤੇ ਵੰਡ ਕੇ ਛਕੋ, ਪੰਜਾਬੀ ਰਹਿਣ-ਸਹਿਣ ਵਿੱਚ ਡੂੰਘੀਆਂ ਜੜ੍ਹਾਂ ਫੜ ਗਏ।

अथवा

ਕੱਲ ਐਤਵਾਰ ਸੀ। ਇਹ ਛੁੱਟੀ ਦਾ ਦਿਨ ਸੀ। ਮੇਰੇ ਘਰ ਵਿੱਚ ਇੱਕ ਪਾਰਟੀ ਸੀ। ਇਹ ਮੇਰੇ ਜਨਮ ਦਿਨ ਦੀ ਪਾਰਟੀ ਸੀ। ਉੱਥੇ ਇਕ ਕੇਕ ਸੀ।

## भाग–ग

प्रश्न-3 (i) निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दें - 5

(क) आपका नाम रजनीश शर्मा है। आप मकान नं 151, सेक्टर 19, चंडीगढ़ में रहते हैं। आपका मोबाइल नंबर 9456038215 है। आप अपनी 2008 मॉडल की टाटा सफारी कार बेचना चाहते हैं। 'कार बिकाऊ है' शीर्षक के अंतर्गत विज्ञापन का प्रारूप तैयार करें।

(ख) सरकारी सीनियर सेकंडरी स्कूल, किशनपुरा के प्रिंसिपल की ओर से सूचनापट्ट के लिए एक सूचना तैयार करें,जिसमें प्रिंसिपल की ओर से सभी अध्यापकों व छात्रों को 26 जनवरी, 2023 को गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में सुबह 8 बजे स्कूल आना अनिवार्य रूप से कहा गया हो।

(ii)निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दें - 5

(क) 'चौपाई' छंद का लक्षण एवं उदाहरण लिखिए।

(ख) 'सोरठा' छंद का लक्षण एवं उदाहरण लिखिए।

(iii) निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दें - 5

(क) 'उपमा' अलंकार की परिभाषा एवं उदाहरण लिखिए।

(ख) 'यमक' अलंकार की परिभाषा एवं उदाहरण लिखिए।

**(iv) निम्नलिखित संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 130-140 शब्दों में कोई एक निबंध लिखें-** **5**

**भ्रष्टाचार की समस्या**

**संकेत बिन्दुः (क) भ्रष्ट आचरण ही भ्रष्टाचार है। (ख) व्यक्ति अपनी असीमित इच्छाओं के वश में पड़कर भ्रष्टाचार फैलाता है। (ग) भ्रष्टाचार हर क्षेत्र में अपने पैर पसार चुका है। (घ) प्रत्येक राष्ट्र का कोना–2 भ्रष्टाचार से ग्रसित है। (ङ.) भ्रष्टाचार पर नियंत्रण नैतिकता को प्रोत्साहित करके किया जा सकता है।**

**अथवा**

**खेलों का महत्त्व**

**संकेत बिन्दुः (क) खेल मनोरंजन और शक्ति का भण्डार हैं। (ख) भारत के परम्परागत खेल (ग) खेल का शारीरिक व मानसिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। (घ) खेल द्वारा अनुशासन की भावना का विकास। (ङ) भातृत्व एवं नेतृत्व गुणों का विकास।**

---xxx----xxx---